नारायण राणे
NARAYAN RANE

मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
भारत सरकार
Minister
Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

संदेश

प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाने वाल हिंदी दिवस भारतीय संस्कृति को संजोने और हिंदी भाषा को सम्मान देने का एक तरीका है। हिंदी दिवस एक अनुस्मारक भी है कि जहां भी हम जाएँ हमें आदर्शों और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। हमारी भाषा हमारी पहचान होती है और यही हमें परिभाषित करती है।

देश के यशस्वी **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** जी के कुशल नेतृत्व में सभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों, वैश्विक महाशक्तियों सहित सभी विकासशील और अल्प–विकसित देशों में भारत की साख में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज समस्त विश्व भारत से नेतृत्व की उम्मीद कर रहा है। भारत, भारतीयता तथा भारतीय संस्कृति, वैदिक आदर्श और जीवनशैली अत्यंत लोकप्रियता अर्जित कर रहे हैं।

अब हमारा उत्तरदायित्व और भी बढ़ गया है। हमें अब और अधिक समर्पित होकर, अधिक एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ दृढसंकल्पित होकर कार्य करना होगा।

हिन्दी भाषा हमारी इन्हीं प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में हमेशा की तरह सहायक है। संपर्क के माध्यम के रूप में हिन्दी भाषा **''वसुधैव कुटुम्बकम''** की बैदिक परंपराएं साकार कर रही है। हमारा महान देश भारत अपने गौरवयी अतीत को दोहरा रहा है।

हिंदी दिवस हमारे सांस्कृतिक जड़ों को फिर से देखने और अपनी समृद्धता का जश्न मनाने का दिन है। हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें इसका आदर करना चाहिए और उसका मूल्य समक्षना चाहिए। हिन्दी के इस उत्तरोतर विस्तार को और इर्न बुलंदियां प्रदान करने के लिए, आईए! आज 14 सितंबर–हिन्दी दिवस के अवसर पर हम सभी हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का अपना संकल्प एक बार फिर से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ दोहराएं।

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

दिनांक : 14 सितम्बर, 2023

(नारायण राणे)